## खबर संक्षेप

### विकासखंड में प्रथम स्थान पर रही जीनत अंजुम



**बीजाडांडी।** माध्यमिक शिक्षा मंडल के परिणाम जारी हुएं जिले भर में छात्र छात्राओं ने बाजी मारी वही बीजाडांडी विकासखंड की होनहार, प्रतिभावान बेटी जीनत मंसूरी ने कक्षा बारहवीं में 500 में से 465 अंक प्राप्त कर 93.% प्रतिशत बनाकर पूरे विकासखंड में पहली रैंक बनाकर बीजाडांडी विकासखंड सहित मंडला जिले का नाम रोशन किया, बीजाडांडी मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल में अध्यनरत थी। मॉडल हायर सेकेण्डरी स्कूल में अध्ययनरत छात्रा जीनत अंजुम ने कक्षा 12 वी में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विकासखंड बीजाडांडी में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। बचपन में ही जीनत अंजुम । के पिता का निधन हो गया था। उनकी माता निकहत अंजुम ने कड़ी मेहनत कर बेटी की परवरिश की।

### सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय का परीक्षा परिणाम सराहनीय

**भुआबिछिया।** सरस्वती शिशु मंदिर भुआबिछिया में माध्यमिक शिक्षक मंडल भोपाल की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित 48 छात्र छात्राओं में 40 प्रथम श्रेणी, 5 दृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। जिसमें छात्रा वंशिका श्रीवास पिता सुशील श्रीवास ने 95.4 प्रतिशत के साथ बिछिया ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जय साहू पिता दीपक साहू ने 94.4 प्रतिशत एवं नमामि पांडे पिता दिलिप पांडे ने 94.2 प्रतिशत प्राप्त किया।

## गेहूं खरीदी में हो रहे किसान परेशान, खरीदी केन्द्र सेंपल कर रहे फेल

# एक माह में एक चौथाई नहीं हुई खरीदी

*** गेहूं बाजार में बेचने मजबूर हैं किसान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



मिट्टी से ही फसलें होती हैं तो स्वाभाविक है कि अनाजों में कहीं न कहीं मिट्टी अपना अंश छोड़ ही जाती है। ऐंसे में बनाये गये मापदण्ड के हिसाब से विक्रय के लिए लाए गये अनाज में एक भी मिट्टी नहीं होना चाहिए ये कहां तक उचित है। हम बात कर रहे हैं शासकीय गेहूं खरीदी केन्द्रों की जिनमें मापदण्डों के चलते खरीदी ठप्प पड़ी है किसान परेशान हो रहे हैं। मध्यप्रदेश शासन के दिशा निर्देशों पर लगभग एक माह से जिले के खरीदी केन्द्रों मे ख़रीदी प्रारंभ हो चुकी है किन्तु लगभग एक माह गुजर जाने के बाद भी गेहूं की खरीदी बहुत कम हो सकी है। कुछ सेंटरों में तो ख़रीदी का खाता ही नहीं खुला है जिसकी रिपोर्ट दिनांक 24/04/2024 की जानकारी अनुसार खरीदी केन्द्र मण्डला ब्लॉक, नांदिया मण्डला ब्लॉक, मुरूम खाप मण्डला ब्लॉक, नारा बिछिया ब्लॉक, ककैया बिछिया ब्लॉक, चाबी मोहगांव ब्लॉक, निवास, रैयगांव मोहगांव ब्लॉक, हिरदेनगर कजरबाडा, आदि सेन्टरों मे विगत दिवस की रिपोर्ट अनुसार अभी तक की कुल खरीदी जीरो है। संबंधित केंद्रों से मिली जानकारी अनुसार अभी तक जिले मे कुल खरीदी दिनांक 24/04/2024 के आंकड़े अनुसार 13738 मैट्रिक टन ही हो पाई है। जबकि पिछले वर्ष (2023) में इसी दिनांक को लगभग 49631 मैट्रिक टन खरीदी हो चुकी थी। जिस पर यह कहा जा सकता है कि अभी तक जिले के सभी केन्द्रों को मिलाकर लगभग एक चौथाई खरीदी की गयी है।



### कम खरीदी पर विभागीय अधिकारियों का कथन

जिले में शासन की गाईडलाईन के अनुसार ही खरीदी की जा रही है। मिट्टी युक्त गेहूं नहीं खरीदने का निर्देश है। अगर कोई किसान साफ गेहूं लेकर आता है उसे खरीदा जा रहा है। इस संबंध में विभाग भी कुछ नही कर सकता। शासन के जैसे दिशा निर्देश हैं उसका पालन किया जा रहा है।

### किसानों का कथन

इस वर्ष लगातार मौसम खराब चलने के कारण जल्दी कटाई करनी पडी थी जिसके चलते हार्वेस्टर से कटाई की गयी है। हार्वेस्टर से कटाई पर कुछ मिट्टी गेहूं में आ ही जाती है जो छन्ना लगाने पर भी नहीं निकल पा रही है। जबकि हम लोग छन्ना लगाकर गेहूं का सैंपल दिखाते हैं उसे भी फेल किया जा रहा है, क्योकि छन्ना के बाद भी बड़ी मिट्टी नही निकल पाती है। अंत में हमें मजबूर होकर अपना गेहूं कोडियों के दाम बाजार में बेचने को मजबूर होना पड रहा है। अब हम क्या करें हमारी कोई नहीं सुन रहा वहीं दूसरी ओर जनप्रतिनिधि सभाओं में किसानों के हितों की बात करते थकते नहीं है।

### इनका कहना है:-

*गेहूं मे थोड़ी बहुत मिट्टी होने से एवं कुछ पतले दाना की बजह से खरीदी केन्द्रों मे गेहूं नही लिया गया।*

**-महेंद्र पटेल,**
**किसान, जामगांव, नैनपुर**

*शासन की गाईड लाईन के अनुसार जिले मे खरीद की जा रही है। मिट्टी युक्त गेहूं नही लेने का आदेश है।*

**-आर एस तिवारी,**
**जिला विपणन अधिकारी**
**मण्डला**

## प्रयासों में जुनून की आवश्यकता होती है-डॉ. सिडाना



*** कलेक्टर ने नीट की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को दिए टिप्स।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने प्रोजेक्ट ज्ञानार्जन 2.0 के तहत नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा करते हुए उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के संबंध में समुचित मार्गदर्शन प्रदान किया। कलेक्टर ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता के लिए दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होती है। पढ़ाई का कोई विकल्प नहीं होता है। लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए पढ़ाई पर फोकस करें। प्रयासों में जुनून की आवश्यकता होती है।

कलेक्टर डॉ. सिडाना ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जो एक पीढ़ी को पिछली पीढ़ी से आगे करती है। अपना सर्वश्रेष्ठ देने का प्रयास करें। टीवी एवं मोबाईल से दूर रहें। परीक्षा में बहुत कम समय बचा है, हर एक पल का बेहतर उपयोग करें। परीक्षा तक अन्य गतिविधियों पर समय खर्च न करें। कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित रहें, अपनी शंकाओं का समाधान पाएं। कक्षा में दिए जाने वाले टेस्ट में शामिल हों। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से आत्मीय चर्चा करते हुए उन्हें मार्किंग प्रक्रिया, वस्तुनिष्ठ प्रश्नों को हल करने के तरीके आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी दी तथा विद्यार्थियों की विषय आधारित शंकाओं का समाधान भी किया। डॉ. सिडाना ने कहा कि सभी विद्यार्थी अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। इस अवसर पर सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग ने भी विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा करते हुए परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के संबंध में आवश्यक टिप्स दिए। इस अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य कल्पना नामदेव सहित संबंधित उपस्थित रहे।



## ज्ञानदीप स्कूल की आर्या ने किया जिले का नाम रोशन



**मण्डला।** ज्ञानदीप इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल मण्डला की कक्षा बारहवीं की छात्रा आर्या सोनी ने गणित संकाय में 500 में 474 अंक प्राप्त कर जिले की प्रावीण्य सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त कर शाला और जिले का नाम रोशन किया है। आर्या सोनी अवधबिहारी सोनी एवं श्रीमती हेमलता सोनी की होनहार सुपुत्री है। परिणाम की सूचना मिलते ही ज्ञानदीप स्कूल के सचिव संजय तिवारी, उपाध्यक्ष अजय खोत, शाला प्राचार्य रफीक खान, व्याख्याता प्रिया दुबे एवं शशि भूषण साहू ने आर्या के निवास स्थान पर जाकर इस उपलब्धि हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की एवम उज्वल भविष्य की कामना की।

## आंधी तूफान से तहस नहस हुआ वेयरहाऊस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



24 अप्रैल की शाम आये आंधी तूफान से किंद्री स्थित वेयर हाऊस को काफी नुकसान पहुंचा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत किंद्री जनपद पंचायत मण्डला तहसील व जिला मण्डला में श्री उमा वेयर हाऊसिंग एवं लॉजिस्टिस के नाम से वेयर हाऊस का संचालन श्रीमति माधुरी साहू एवं प्रभारी मोहित साहू के द्वारा किया जा रहा है। जहां पर 24 अप्रैल की शाम लगभग 4 बजे अचानक आंधी तूफान और तेज बारिश से पूरे क्षेत्र में भय का वातावरण बन गया। अचानक चले तूफान से अनेक लोगों को नुकसान हुआ है लेकिन यहां बने वेयर हाऊस का स्टील स्टेक्चर एवं रूफिंग सीट हवा में उड़ गई और पूरा वेयर हाऊस क्षतिग्रस्त हो गया। यहां की फर्श दीवार धर्मकांटा, मशीन कम्प्यूटर, टीवी कैमरा सहित अन्य जरूरी समान को काफी नुकसान हुआ है। पीड़ित ने बताया कि यहां पर सरकारी अनाज रखा जा रहा था साथ ही यहां पर गेंहू की खरीदी भी चल रही थी अचानक उठें तूफान से अफरा तफरी मच गई और लोग परेशान हो गए उन्होंने बताया कि 1 करोड़ रूपए से अधिक का नुकसान हुआ है।

## एसबीआई आफिसर बनकर लोन दिलाने के लिए ग्रामीणों का बैंक खाता खोलने के नाम पर ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



दिनांक 22/04/2024 को सूचना मिली कि कोई व्यक्ति गांव गांव जाकर अपने को भारतीय स्टेंड बैंक का अधिकारी बता रहा हैं व फर्जी तरीके से लोगो को लोन दिलाने के लिये खाता खोलने हेतु पैसा वसूल रहा है। सूचना पर चौकी हिरदेनगर पुलिस द्वारा एसडीओपी मण्डला के मार्गदर्शन में थाना महाराजपुर चौकी हिरदेनगर में निरीक्षक ममता परस्ते के नेतृत्व में टीम गठित किया गया। पुलिस टीम जिसमें सउनि शिवशंकर राजपूत, सउनि रामकृष्ण बघेल व अन्य पुलिस बल के साथ तत्काल कार्यवाही हेतु रवाना होकर ग्राम हिरदेनगर में उक्त व्यक्ति को रंगे हाथ लोगो को धोखा देकर लोन दिलाने हेतु पर्ची काटते पकडा गया तथा उसके कब्जे से नकली बैंक अधिकारी का आईडीकार्ड तथा बैंक स्लीप एवं नगदी रकम जप्त किया गया। नाम पता पूछने पर अपना नाम धनराज विलास पाटिल पिता विलास पाटिल उम्र 37 वर्ष निवासी भुसावल जिला जलगांव महाराष्ट्र का होना बताया। आरोपी का कृत्य धारा 419,420,467,468,471 भादवि का होना पाये जाने से थाना महाराजपुर में अपराध पंजीबध्द कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर माननीय न्यायालय के आदेश पर जेल भेजा गया है।

उक्त कार्यवाही निरीक्षक ममता परस्ते के नेतृत्व में सउनि शिवशंकर राजपूत, सउनि रामकृष्ण बघेल, प्र.आर. महेश यादव, प्र.आर. देवीसिंह मरकाम, आर. अंशू लाल तेकाम, आर. रतिराम बंजार आर. शैलेन्द्र राय शामिल रहें।

मंडला पुलिस द्वारा ठगी से बचाव हेतु लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस हेतु जिले के समस्त थाना चौकी जनता के बीच जाकर जनता को जागरूक कराने का अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय हैं कि मंडला पुलिस द्वारा गोपनीय जानकारी, शिकायत व सायबर संबंधित शिकायतों हेतु हेल्पलाइन नंबर जारी किये गये है। जिस पर लगातार सूचना, शिकायत एवं सुझाव हेतु कॉल प्राप्त हो रहा हैं।

**सम्मान** | **कलेक्टर ने किया प्रावीण्यता हासिल करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान**

# प्रतिभाओं का प्रशासन ने किया सम्मान

*** मार्गदर्शन के लिए की जाएगी कैरियर काउंसलिंग।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल परीक्षा परिणामों में प्रदेश और जिला स्तर पर प्रावीण्यता हासिल करने वाले विद्यार्थियों को कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने योजना भवन में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया तथा उनके भविष्य की रणनीति एवं सपने के बारे में आत्मीय चर्चा की। इस अवसर पर कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि घोषित परिणाम यह बतलाते हैं कि आपने शिक्षा को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल किया है। अपना लक्ष्य अभी से तय करें तथा उसे हासिल करने के लिए योजनाबद्ध रूप से तैयारी करें।

कलेक्टर ने कहा कि शिक्षा एक निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है जो व्यक्ति के जीवन स्तर को बेहतर बनाती है। सभी विद्यार्थी आगे भी इसी तरह सफलता प्राप्त करें तथा अपने माता-पिता तथा जिले का नाम रोशन करें। बड़े होकर आप जिस भी पद पर रहें, पूरी निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करते हुए राष्ट्र की प्रगति में सहभागी बनें। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट ने कहा कि प्रावीण्यता सूची में जिले के विद्यार्थियों का शामिल होना गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि करियर काउंसलिंग के लिए हम एक सत्र आयोजित करेंगे। जिस भी क्षेत्र में ये जाना चाह रहे हैं उसकी संभावनाओं के बारे में अवगत कराएंगे। इस दौरान सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग, सहायक आयुक्त जनजाति कार्यविभाग एलएस जगेत, जिला शिक्षा अधिकारी मुन्नी वरकड़े सहित संबंधित उपस्थित रहे।



## प्रदेश में टॉप कर अनुष्का ने बढ़ाया अग्रवाल समाज का मान



**मण्डला।** एमपी बोर्ड दसवीं क्लास में अनुष्का अग्रवाल पिता जय प्रकाश अग्रवाल (नैनपुर) ने एमपी में टॉप कर जिले प्रदेश एवम समाज का नाम रोशन किया है। उन्होंने 500/495 अंक हासिल किया है. मैथ्स और साइंस में 100 में से 100 प्राप्त किए नंबर। ज्ञान ज्योति विद्यालय नैनपुर की छात्रा अनुष्का सिविल सर्विस की तैयारी करना चाहती हैं उन्होंने कहा कि वह प्रतिदिन 4 से 5 घंटे पढ़ती है छात्राओं ने सफलता का श्री माता-पिता एवं स्कूल के शिक्षकों को दिया है। अनुष्का की सफलता पर अग्रवाल समाज मंडला द्वारा आज अनुष्का एवम अनुष्का के माता पिता भाई का स्वागत एवं सम्मान किया गया अग्रवाल समाज मंडला के पांच आलोक गोयल द्वारा अनुष्का को पुष्प गुच्छ भेंट किए गए एवं अग्रवाल समाज मंडला के नवयुवक मंडल के अध्यक्ष मधुर अग्रवाल मानस गोयल एवम अखिलेश अग्रवाल द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट का अनुष्का का संम्मान किया गया आलोक गोयल का कहना था कि समाज के बच्चों को आगे बढ़ता देख अच्छा लगता है ऐसे ही समाज के बच्चे आगे बढ़ते रहें देश प्रदेश एवं समाज का नाम रोशन करते रहें।

## नाम सुधार सूचना

मैं श्री सुखदास बघेल पिता स्व. मसनूदास बघेल उम्र 61 वर्ष निवासी डॉ. राधाकृष्णन वार्ड-17 तहसील मण्डला व जिला मण्डला (म.प्र.) का मूल निवासी हूँ। मेरे पेनकार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश सुख दास बघेल अंग्रेजी में **SUKH DAS BAGHEL** पिता का अंग्रेजी में नाम **MASNU DAS BAGHEL** दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम श्री सुखदास बघेल अंग्रेजी में **SUKHDAS BAGHEL** है और मेरे पिता श्री मसनूदास बघेल अंग्रेजी में **MASNUDAS BAGHEL** है जो कि समस्त दस्तावेजों में दर्ज नाम है जो कि सत्य एवं सही हैं इसी नाम से हमें जाना और पहचाना जाता है इस का मैं शपथ पत्र संबंधित विभाग के पक्ष में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता
सुखदास बघेल
राधाकृष्णन वार्ड मण्डला



# आज लोकसभा के लिये गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र के 228 मतदान केन्द्रों पर 2 लाख 15 हजार 402 मतदाता करेंगे एक दर्जन प्रत्याशियों की किस्मत को ईवीएम मशीनों में बंद

**गाडरवारा।** क्षेत्र की जनता जिस तारीख का इंतजार कर रही थी वह अब पूर्णरुप से आ चुकी है और लोकसभा चुनाव को लेकर जो उठा पटक मची हुआ थी उसके चलते आज शाम मतदान के उपरांत पूर्णरुप से समाप्त हो जावेगी। वही दूसरी ओर होशंगाबाद सांसदीय क्षेत्र से चुनावी मैदान में कूंदे हुये 12 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज ईव्हीएम मशीनों में बाद हो जावेगा। गौर किया जावे तो होशंगाबाद क्षेत्र में नरसिंहपुर जिले की गाडरवारा सहित तेंदूखेड़ा, नरसिंहपुर विधान सभा क्षेत्र आते है। इस तरह लोकसभा के लिये आज होने वाले आम चुनाव में गाडवारा विधान सभा क्षेत्र के 2 लाख 15 हजार 402 मतदाताओं द्वारा इस चुनाव में अपनी किस्मत अजमा रहे 12 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला ईवीएम मशीनों में बंद करेंगे। जिसके चलते निर्वाचन आयोग द्वारा गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र में 228 मतदान केन्द्रो की स्थापना की गई है। आज होने वाले मतदान को लेकर कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन एवं एसडीएम व रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती कलावती ब्यारे के मार्गदर्शन में निर्वाचन की तैयारियां पूर्ण हो चुकी हैं। वही मिली जानकारी के अनुसार देर शाम तक मतदान केन्द्रो पर मतदान कराने वाले दलों पहुंचे चुके है। वही पहुच विहिन केन्द्रो प जहां पैदल तो कही पर घोडे पर सवार होकर मतदान दलों को पहुंचाया गया है। जहां पर निर्धारित मतदान केन्द्रों पर पहुंच चुके है जहाँ पर उनका स्वागत किया गया। क्षेत्र के चीचली ब्लॉक अंतर्गत वनांचल पहाड़ी क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव में खच्चरों की सहायता से मतदान सामग्री भेजी गई एवं मतदान दल के सदस्य भी सेक्टर अधिकारी के साथ पैदल चढ़ाई करते हुए बड़ागांव पहुँचे। उल्लेखनीय है कि गाडरवारा विधानसभा में कुल 228 मतदान केंद्रों में से 154 सामान्य मतदान केंद्र व 76 संवेदनशील तथा 2 अतिसंवेदन शील मतदान केंद्र निर्धारित किये गये है। इस तरह गाडरवारा शहरी क्षेत्र के के लिये 39 मतदान केन्द्र तो चीचली नगर परिषद के 12 मतदान केन्द्र तथा सालीचौका नगर परिषद क्षेत्र के के लिये 9 मतदान केन्द्र तथा सांईखेडा नगर परिषद के के लिये 9 मतदान केन्द्र स्थापित किये गये है। वही दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों पर नगर डाली जावे तो मतदान केन्द्र क्रमांक 1 संदूक में कुल मतदाता 558 म.के.क्र.2 ग्राम सिरसिरी में 1289, म.के.क्र. 3 ग्राम मुंआर में 1282, म.के.क्र.4 ग्राम निवारर मे 1156, म.के.क्र.5 ग्राम मेहरागांव मे 794, म.के.क्र.6 मेहरागांव मे 712, म.के.क्र.7 ग्राम संसारखेड़ा व महेश्वर मे 652, म.के.क्र.8 ग्राम तूमड़ा मे 1468, म.के.क्र.9 ग्राम तूमड़ा मे 1444 एवं म.के.क्र.10 झिकोली में 882, म.के.क्र. 11 ग्राम खिरेटी में 1067, म.के.क्र.12 ग्राम पिटरास में 690, म.के.क्र.13 ग्राम खैरूआ में 599, म.के.क्र.14 ग्राम केलकच्छ व बंधा में 873, वही मतदान केन्द्र क्रमांक 15 से 23 तक सांईखेडा में जहां पर मतदाताओं की संख्या 8820 है, वही म.के.क्र.24 ग्राम पीपरपानी में 1348, म.के.क्र.25 ग्राम टुईयापानी 624, म.के.क्र.26 ग्राम टेकापार में 1109, म.के.क्र.27 ग्राम उसराय में 367, म.के.क्र.28 ग्राम उड़नी में 557, म.के.क्र.29 ग्राम पिपरिया कला में 1316, म.के.क्र.30 ग्राम शोकलपुर व भौरगढ़ में 1146, म.के.क्र.31 ग्राम रिछावर में 540, म.के.क्र.32 ग्राम अमोदा में 391, म.के.क्र.33 ग्राम मोहद में 476 म.के.क्र.34 ग्राम मडगुला में 1182, म.के.क्र.35 ग्राम बम्हौरी कला में 979, म.के.क्र.36 बम्हौरी कला में 1250, म.के.क्र.37 ग्राम खिरिया में 888, म.के.क्र.38 ग्राम सुपारी में 776, म.के.क्र.39 ग्राम बांसखेड़ा में 1171, म.के.क्र.40 ग्राम सासबहू में 587, म.के.क्र.41 ग्राम पिपरिया खुर्द में 661, म.के.क्र.42 ग्राम झिरिया में 936, म.के.क्र.43 ग्राम रम्पुरा में 796, म.के.क्र.44 ग्राम रम्पुरा में 867, म.के.क्र.45 ग्राम देतपोन मे 944, म.के.क्र.46 ग्राम सेठान मे 563, म.के.क्र.47 ग्राम अजंदा में 1213, म.के.क्र.48 ग्राम ढिगसरा में 1204, म.के.क्र.49 ग्राम डुगारिया में 893 व म.के.क्र.50 ग्राम डुगारिया में 856, म.के.क्र.51 ग्राम धनौरा एवं कोसकरपा में 1294, म.के.क्र.52 ग्राम बनवारी में 946 एवं म.के.क्र. 53 बनवारी में 1142, म.के.क्र.54 ग्राम खैरी में 1090, म.के.क्र.55 ग्राम देवरी में 1051, म.के.क्र.56 ग्राम ज्वारा व चदोन में 903, म.के.क्र.57 ग्राम खुरसीपार में 972 एवं म.के.क्र.58 खुरसीपार में 1208, म.के.क्र.59 ग्राम गरधा में 1329, म.के.क्र.60 बोदरी में 758 एवं म.के.क्र.61 बोदरी में 764, म.के.क्र.62 ग्राम कामती में 1000 एवं म.के.क्र.63 कामती में 970, म.के.क्र.64 ग्राम खैरी में 897, म.के.क्र.65 ग्राम आमगांव छोटा में 1080 एवं म.के.क्र.66 आमगांव छोटा में 1344, म.के.क्र.67 ग्राम पिठहरा में 705, म.के.क्र.68 ग्राम नांदनेर में 1419, म.के.क्र.69 ग्राम मिढवानी में 616, म.के.क्र.70 ग्राम पिठवानी में 797 एवं म.के.क्र.71 पिठवानी में 747, म.के.क्र.72 ग्राम दहलवाडा में 1512, म.के.क्र.73 ग्राम जाइखेड़ा में 612, म.के.क्र.74 ग्राम ग्राम पौडार में 491, म.के.क्र.75 ग्राम खमारिया में 460, म.के.क्र.76आंडेगांव कला में 878 एवं म.के.क्र.77 आंडेगांव कला में 804, म.के.क्र.78 ग्राम पनागर में 1301 एवं म.के.क्र.79 ग्राम पनागर में 1210, म.के.क्र.80 सालीचौका केसला में 692, म.के.क्र.81 ग्राम सहावन में 1366 एवं म.के.क्र.82 ग्राम सहावन में 1198, म.के.क्र.83 सालीचौका में 1216, म.के.क्र.84 ग्राम बेलखेडी में 654, म.के.क्र.85 ग्राम बेलखेडी में 655, म.के.क्र.86 ग्राम सालीचौका में 892, म.के.क्र.87 ग्राम झांझनखेडा 944 एवं म.के.क्र.88 ग्राम झांझनखेड़ा व घुटंगू में 942, म.के.क्र.89 ग्राम जमाडा में 1140,





म.के.क्र.90 से म.के.क्र.127 तक गाडरवारा शहर में स्थापित होगे यहां पर मतदाताओं की संख्या 38942 है, म.के.क्र.128 ग्राम केकरा में 809, म.के.क्र.129 ग्राम बरहटा में 898, म.के.क्र.130 ग्राम बरेली में 637, म.के.क्र.131 ग्राम कजरौटा में 637, म.के.क्र.132 ग्राम घूरपुर में 998, म.के.क्र.133 ग्राम मगरमुंहा में 393, म.के.क्र.134 ग्राम इमालिया में 1249, म.के.क्र.135 ग्राम कान्हरगांव में 1337 , म.के.क्र.136 ग्राम बरेली व भूतखेडा में 1184, म.के.क्र.137 ग्राम कठोतिया में 745 एवं म.के.क्र.138 ग्राम कठौतिया में 776, म.के.क्र.139 ग्राम सीरगांव में 1268, म.के.क्र.140 ग्राम महगंवा खुर्द में 650, म.के.क्र.141 ग्राम महगंवा कला में 833 है, वही म.के.क्र.142 व म.के.क्र.144 तथा म.के.क्र.152 से म.के.क्र.169 तथा म.के.क्र.162 चीचली शहरी क्षेत्र में स्थापित किये गये है, यहां पर मतदाताओं की संख्या 11693 है, म.के.क्र.143 ग्राम दिघोरी में 716, म.के.क्र.145 ग्राम गांगई में 941 एवं म.के.क्र.146 गांगई में 1223, म.के.क्र.147 ग्राम चोर बरहटा, मेहराखेडा व ग्राम उमारिया में 1306, म.के.क्र.148 ग्राम कुडारी एवं ग्राम डोगरगांव में 1097, म.के.क्र.149 ग्राम रायपुर में 706 एवं म.के.क्र.150 रायपुर में 917,म.के.क्र.151 ग्राम छैनाकछार में 923, म.के.क्र.161 ग्राम चारगांव कला, गोलगांव खुर्द में 937, म.के.क्र.163 ग्राम उकासघाट व भमका में 1154, म.के.क्र.164 ग्राम पचामा में 960 एवं म.के.क्र.165 पचामा में 949 है, म.के.क्र.166 ग्राम भटरा में 570, म.के.क्र.167 ग्राम अमाडा में 832 म.के.क्र.168 ग्राम अमाडा मूं 822, म.के.क्र.169 से म.के.क्र.175 यह मतदान केन्द्र सालीचौका नगर परिषद शहरी स्तर के है यहां पर कुल मतदाता 7920 है, म.के.क्र. 176 ग्राम अर्जुन गांव में 984, म.के.क्र.176 ग्राम केकरा में 498, म.के.क्र.178 ग्राम छैनाकछार व लवासर में 1002, म.के.क्र.179 ग्राम नयाखेडा में 459, म.के.क्र.190 ग्राम मारेगांव में 829 एवं म.के.क्र.181 मारेगांव में 737, म.के.क्र.182 ग्राम बसुरिया में 1105 एवं म.के.क्र.183 बसुरिया में 1023, म.के.क्र.184 ग्राम रहमा में 595, म.के.क्र.185 ग्राम पलेरा में 676, म.के.क्र.186 ग्राम बारछी में 977, म.के.क्र.187 ग्राम इमालिया में 855,म.के.क्र.188 ग्राम इमालिया में 801, म.के.क्र.189 ग्राम पिपरिया में 885, म.के.क्र.190 ग्राम ढुरसरू में 1385 एवं म.के.क्र.191 ढुरसुरा में 502, म.के.क्र.192 ग्राम बारहाबडा में 11129 म.के.क्र.193 बारहाबड़ा में 1054 एवं म.के.क्र.194 बारहाबड़ा में 1124, म.के.क्र.195 ग्राम देवरी, झामर, सुजानपुर, टुडनी व खैरी में 1320, म.के.क्र.196 ग्राम बैरागढ़ में 1335 एवं म.के.क्र.197 ग्राम बैरागढ़ एवं ग्वारी तथा खैरी में 797, म.के.क्र.198 ग्राम ग्वारी 351, म.के.क्र.199 ग्राम जामगांव में 512, म.के.क्र.200 ग्राम मानेगांव में 859, म.के.क्र.201 ग्राम माल्हनवाडा में 558, म.के.क्र.202 ग्राम पुआरिया में 905, म.के.क्र.203 ग्राम ढाना में 1234, म.के.क्र. 204 ग्राम इकलोनी में 610, म.के.क्र.205 ग्राम सिंहपुर में 1095, म.के.क्र.206 ग्राम सिंहपुर में 1153, म.के.क्र.207 ग्राम बगलई में 1253, म.के.क्र.208 ग्राम आंडेगांव खुर्द में 1237, म.के.क्र.209 ग्राम सूखाखैरी में 1088, म.के.क्र.210 ग्राम सूखाखैरी में 1191, म.के.क्र.211 ग्राम कोठिया में 486, म.के.क्र.212 ग्राम मऊ में 944, म.के.क्र.213 ग्राम घघरौला में 550, म.के.क्र.214 ग्राम तेंदूखेड़ा 1098, म.के.क्र.215 ग्राम बाघाकुडी में 1029, म.के.क्र.216 ग्राम हीरापुर में 911, म.के.क्र.217 ग्राम हीरापुर में 969, म.के.क्र.218 ग्राम चांदनखेड़ा में 1157, म.के.क्र.219 ग्राम चांदनखेड़ा में 1089, म.के.क्र.220 ग्राम खला में 816, म.के.क्र.221 ग्राम सेसा डाबर में 584, म.के.क्र.222 ग्राम पटकुही में 454, म.के.क्र.223 ग्राम रातीकरार में 747, म.के.क्र.224 ग्राम चारगांव खुर्द में 1206, म.के.क्र.225 ग्राम मोहपानी में 725, म.के.क्र.226 ग्राम बड़ागांव में 696, म.के.क्र.227 ग्राम टुईयापानी में 376, म.के.क्र.228 ग्राम भिलमा ढाना में 584 मतदाता है जो आज अपने मत का उपयोग करेगे।

## मतदान केंद्रों पर रंगोली के जरिये की साज सज्जा





**गाडरवारा।** देश के महा पर्व मतदान को सफल बनाने के लिये जहां अनेक प्रकार की तैयारिया की जा रही है तो वही दूसरी ओर आज 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान के लिए गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के अनेक मतदान केंद्रों पर आकर्षक रंगोली बनाकर उन्हें सजाया गया। इसके अलावा अनेक मतदान केंद्रों पर आकर्षक टेंट लगाकर उन्हें तैयार किया गया। उल्लेखनीय है कि गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन एवं एसडीएम व रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती कलावती ब्यारे के मार्गदर्शन में अनेक मतदान केंद्रों पर रंगोली सहित अन्य आकर्षक सजावटें की गई है आज गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र के 228 मतदान केन्द्रो पर क्षेत्र के 2 लाख 15 हजार 402 मतदाता करेगे 12 प्रत्याशियों के भाग्य को ईवीएम मशीनों में बंद, निर्वाचन आयोग के निर्देश पर नगर में पिंक बूथों का किया गया है निर्माण, मतदाताओं की सुविधाओं का रखा जावेगा विशेष ध्यान रखा जा रहा है। वही जानकारी के अनुसार गाडरवारा विधान सभा क्षेत्र में जिन केन्द्रो को पिंक मतदान केन्द्र बनाया गया है उसमें मतदान केन्द्र क्रमांक 21 शा. उ.मा.शाला भवन कक्ष क्रमांक 5 सांईखेडा, मतदान केन्द्र क्रमांक 23 शास.प्रा.शाला भवन बरहटा नगर परिषद सांईखेडा, मतदान केन्द्र क्रमांक 60 शा.प्रा.शाला भवन कक्ष क्रमांक 1 बोदरी, मतदान केन्द्र क्रमांक 86 एकीकृत शा. मा.शाला खैरूया नगर परिषद सालीचौका, मतदान केन्द्र क्रमांक 91 पी डब्लू डी कार्यालय कक्ष क्रमांक 2 गाडरवारा, मतदान केन्द्र क्रमांक 100 जवाहर कृषि उप मंडी कार्यालय गाडरवारा, मतदान केन्द्र क्रमांक 106 अनुसूचित जाति बाल छात्रावास नवीन कक्ष क्रमांक 6 गाडरवारा, मतदान केन्द्र क्रमांक 110 शा कन्या मा. शाला भवन कक्ष क्रमांक 2, मतदान केन्द्र क्रमांक 121 शा टाऊन प्रा शाला भवन कक्ष क्रमांक 1, मतदान केन्द्र क्रमांक 127 शा प्रा शाला पतलोन, मतदान केन्द्र क्रमांक 133 शा प्रा शाला मगरमुंहा, मतदान केन्द्र क्रमांक 143 शा प्रा शाला दिघोरी, मतदान केन्द्र क्रमांक 144 मंगल भवन खैरी नगर परिषद चीचली, मतदान केन्द्र क्रमांक 157 शा प्रा शाला भसन मध्य कक्ष चीचली, मतदान केन्द्र क्रमांक 137 शा माध्य शाला भवन अतिरक्त कक्ष ग्राम कठौतिया को बनाया गया है।

## चुनाव के एक दिन पहले जिला कलेक्टर सहित पुलिस अधीक्षक ने किया गाडरवारा के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण





**गाडरवारा।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के तहत होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र नरसिंहपुर, तेदूखेड़ा व गाडरवारा में आज शुक्रवार 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होना है। इस तरह चुनाव की संपूर्ण तैयारियों को लेकर चुनावी प्रक्रिया शुरू होने के पहले यानि की गुरूवार को जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों का अचानक पहुंचकर निरीक्षण करते हुये वहां की व्यवस्थाये देखी गई। बताया जाता है कि जिला कलेक्टर एवं एसपी ने ग्राम नांदनेर, बारहबड़ा, चीचली, खुरसीपार, सालीचौका में बनाये गये मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान यहाँ उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदान केंद्र पर अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता हो तथा मतदान का प्रतिशत बेहतर हो। वही मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को चुनाव आयोग के निर्देशानुसार अपने- अपने मतदान केन्द्र में वास्तविक मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल कराकर वास्तविक मतदान प्रारंभ कराने के निर्देश दिये। वही पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों से मतदान केन्द्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं सुरक्षा के आवश्यक निर्देश दिये। मतदान केन्द्रों में की गई तैयारियों एवं मतदान दलों के रूकने, भोजन के सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वही दूसरी ओर इस दौरान उन्होंने मतदान केन्द्र में पेयजल, साफ- सफाई, टेंट, व्हील चेयर, मेडिकल किट, रैम्प, शौचालय आदि व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक निर्देश दिये।

## चुनावी प्रक्रिया संपन्न कराने के लिये रवाना हुये कर्मचारियों को नपा द्वारा फूल माला पहनाकर किया रवाना



**गाडरवारा।** निश्चित तौर से चुनावी प्रक्रिया जहां चुनावी मैदान में अपनी किस्मत अजमाने वाले लोगों की जहां रातो की नींद गायब करने से नही चूकती है। वही दूसरी ओर इस चुनावी प्रक्रिया में जिन अधिकारियों व कर्मचारियों की डियूटी लगाई जाती है। वही भी चिंता में नजर आने से नही चूकते है। इस तरह जब किसी कर्मचारी द्वारा अपने साथी को यह बात कहते हुये सुना जाता है कि भैया हमारी तो इस बार चुनाव में डियूटी लगी ही गई तो उसके साथ उसके द्वारा चुनावी प्रक्रिया को शांति पूर्वक सफल कराये जाने की कामना करने से नही चूकते है। इसी के चलते जब किसी विभाग से कर्मचारीगण चुनावी प्रक्रिया के लिये रवाना होते है तो सफलता की कामना करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार से आज 26 अप्रैल को होने जा रहे लोक सभा चुनावों को संपन्न कराने के लिये जब नगर पालिका परिषद गाडरवारा के कर्मचारी रवाना हुये तो उनके साथियों द्वारा फूल माला पहनाते हुये उनके कार्य की सफलता की कामना करते हुये बिदाई दी गई।

## नगर के ग्लोबल एकेडमी में अध्ययन करने वाली छात्रा ने जिले की सूची में पाया तीसरा स्थान







**सालीचौका।** निश्चित तौर से जब बच्चों को शिक्षण संस्था में निष्ठा के साथ शिक्षा प्रदान की जाती है तो उनकी सफलता संस्था की सच्चाई को अपने आप ही उजागर करते हुये देखी जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस म.प्र. शिक्षा विभाग द्वारा घोषित किये गये अपने कक्षा दसवी वार्षिक परीक्षा के परिणामों में देखने मिला है जहां पर नगर के ग्लोबल पब्लिक स्कूल की छात्रा में जिले की सूची में तीसरा स्थान प्राप्त किया गया है। बताया जाता है कि सालीचौका ग्लोबल पब्लिक एकेडमी हाई स्कूल की छात्रा कु.रोहिणी अहिरवार ने 482 अंक अर्जित कर कक्षा 10 वी वोर्ड परीक्षा को पास करते हुये जिले मैं तृतीय स्थान प्राप्त कर अपने माता-पिता, शिक्षकों सहित संस्था का नाम रोशन किया है। वही दूसरी ओर घोषित हुये परीक्षा परिणामों में इस संस्था में अध्ययनरत छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा है। इस तरह जिले की सूची में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्रा कुमारी रोहिणी पिता परषोत्तम अहिरवार ने 96.4 प्रतिशत अंक लेते हुये संस्था में प्रथम स्थान तो कुमारी बंशिका पिता मुरली साहू ने 96 प्रतिशत अंक लेते हुये संस्था में दूसरा तो हर्षित पिता हरिगोविंद वर्मा ने 95.8 प्रतिशत अंको के साथ संस्था में तीसरा स्थान प्राप्त किया गया है। वही दूसरी ओर कक्षा पांचवी व आठवी के परीक्षा परिणामों में भी संस्था द्वारा शत प्रतिशत सफलता हासिल करते हुये अपनी संस्था का गौरव स्थापित किया गया है।

## भीषण महंगाई के दौर में माध्यमवर्गी लोगों को आशियाना बनाना हुआ मुश्किल, जमीन की कीमत छू रही आसमान

**गाडरवारा।** समय के चल रहे मंहगाई के कुचक्र से बाजार में मूलभूत आवश्यकता की चीजों के दाम बढ़ने से शहर के निवासियो की जिन्दगी की मिठास जहां खत्म होती जा रही है, वही सीमेंट, लोहा, इमारती लकड़ी, रेत, गिट्टी, के दाम स्थिर न रहने से गरीब तो दूर मध्यवर्गीय लोगों का अपने बच्चों के लिए आशियाना बनाने का सपना चकनाचूर हो रहा है। गौरतलब है कि शहर में मौजूदा दौर में मकान निर्मित करने के लिए उपयुक्त जमीनो की कीमतें आसमान छू रही है, जिसके चलतें अधिकतर नौकरी पेशा और साधारण स्थिति के लोगों के लिए अपना मकान बनाने के लिए प्लाट खरीदना आसान नहीं रहा है । उधर,आलम यह है कि जिन व्यक्तियों ने पूर्व में अपने मकान बनाने के सपने सॅजोकर नगर में प्लाट खरीद रखे है तो दूसरी ओर उनकी कीमत तो लगातार बढ़ रही है। किंतु निर्माण सामग्री, मजदूरी महॅगी होने और अन्य समस्याओं के आडे आने के कारण फिलहाल उनकी मकान बनाने की हिम्मत नही हो रही है और इन खाली पड़े प्लाटो में कचरे के अम्बार लगे नजर आ रहे है? ज्ञातव्य है कि सेवा निवृत्ति के कगार पर आए शासकीय कर्मचारियो, गांवो से शहर में आए हुए लोगों के साथ साथ किसानों और गरीबों की हसरत रहती है कि वह अपने बच्चों के लिए बेहतर मकानों का निर्माण करायें। किंतु विडम्बना की बात है कि भीषण होती जा रही महॅगाई उनके आशियाने बनाने के अरमानो को मटिया मेट कर रही है। विदित हो कि शहर में जमीनों, मकानों की निर्माण सामग्री के दाम में लगातार बढ़ोत्तरी का सिलसिला लगभग 10 वर्ष पहले शुरू हुआ था, जिसके रूकने का नाम न लेने का ही परिणाम है कि हाईटेक दौर में अधिकतर शहरवासी अपनी आने वाली पीढ़ी को नए मकान का उपहार नही दे पा रहे है? वही जागरूक शहरवासियों का कहना है कि शहर में शासकीय विभागों की बेशकीमती जमीनो पर अतिक्रमण होने से जरूरत मंद व्यक्ति नजूल, नपा.आबादी, लोक निर्माण विभाग की जमीन पर मकान बनाने के लिए मजबूर देखे जा रहे है? साथ ही युवा पीढी की पसंद आधुनिक डिजाईन के मकान बन गए, इस स्थिति शहर में पुराने मकान तो बिके पर नए मकान बनाने के लिए जगह तलाशना मुश्किल हो गया, नगर में मकान बनाने के लिए भूखंडो का अभाव होने से चिंतित अधिकतर शहर के वाशिन्दो का कहना है कि शहर की आबादी बढ़नें से नगर सीमेंट, कांक्रीट के जंगल में तब्दील होता जा रहा है हर शख्स चाह रहा है कि वह अपना अपने व बच्चों के लिए नया मकान बनाये मगर मकान बनाने उसे एक सपने के समान ही जान पड़ रहा है, इस बात का नतीजा है कि क्षेत्र में एनटीपीसी पावर प्लांट लगने और क्षेत्र में नयी औद्योगिक इकाईयॉ स्थापित होने की आहट मिलने से जमीनो के दाम बढ़ रहे है तथा अधिकांश लोगो के मकान बनाने के सपने अधर में लटके है।

## शहर में लगातार बढ़ रही भिखारियों की भीड़ को लेकर पुलिस बनी अनजान, शाम के वक्त यह लोग कहा रहते है किसी को नहीं पता

**गाडरवारा।** इस समय नगर में देखा जा रहा है कि जिस प्रकार से बाहरी लोग अपना डेरा जमाते हुए आये दिन किसी ने किसी कृत्य को अंजाम देते हुए देखे जा रहे है, इस बात को लेकर लोगों में दहशत की स्थिति देखने मिल रही है? मगर इस बात को न तो पुलिस प्रशासन गंभीरता पूर्वक लेते हुए दिखाई पड़ रहा है और नही अन्य कोई समाजसेवी संस्थाओं द्वारा जिससे नगरवासी इन बाहरी लोगों की नगर में लगातार बढ़ रही फौज के चलते अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हुए दिखाई देने से नही चूक पा रहे है। यदि इस सच्चाई पर गौर किया जावे तो पूर्व के समय में पुलिस द्वारा चोरी सहित अन्य घटनाओं में पकड़े गये अनेक आरोपियों में बाहरी लोग ही शामिल थें जो दिन भर नगर में भ्रमण करते हुए रात को घटनाओं को अंजाम देने के बाद गायब हो जाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई पुनः नगर में दिखाई पड़ रही है जिसके चलते अनेक भेषों में जिस प्रकार से नगर की सड़को पर अनजान चेहरे दिखाई दे रहे है यदि उन लोगों के संबंध में सच्चाई का पता किया जावे तो यह जानकारी शायद ही पुलिस के पास भी उपलब्ध रहती हो? इस प्रकार से नगर में चारो ओर अनजान बाहरी लोगों के डेरे जमे हुए दिखाई पड़ने के साथ आये दिन बढ़ोत्तरी होते दिखाई देने लगी है। मगर इसके बाद भी पुलिस प्रशासन अनजान बनना निश्चित ही चिंता जनक सच्चाई को उजागर करने से नही चूक पा रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो अनेक महिलाएं जहां नगर की सड़कों अपने मासूम बच्चों को लेकर भीख मांगते हुए देखी जा रही है उनके बारे में शायद ही किसी को इस बात का पता नही है कि आखिर में यह रहने वाली कहा की है और यहां पर भीख मांगने के लिए कैसे पहुंच रही है जो दिन भर नगर के भ्रमण करने के बाद रात के समय अचानक गायब हो जाती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर में भीख सहित अन्य कार्यो में लगे हुए किशोरों से लेकर मासूम बच्चों की देखने मिल रही है? जबकि यदि शहर क्षेत्र में कोई बाहरी व्यक्ति नजर आता है कि सबसे पहले पुलिस को उसके संबंध में संपूर्ण जानकारी एकत्र करते हुए थाने में पूरा उसका वायोडाटा जमा करना चाहिए। मगर ऐसा होते हुए दिखाई ही नही पड़ रहा है जिसके चलते क्षेत्र में लगातार अनेक अपराधिक घटनाएं घटित होते हुए दिखाई देने लगी है। वही दूसरी ओर देखा जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### आर्या की सफलता



**गाडरवारा।** म.प्र. शिक्षा मंडल द्वारा बीते हुये दिनों घोषित किये गये कक्षा बारहवी वोर्ड परीक्षा के परिणामों में नगर के नगर क न्यू एरा पब्लिक स्कूल में अध्ययनरत कुमार आर्या त्रिवेदी ने कक्षा 12 में गणित संकाय में 94 प्रतिशत अंक लेते हुये प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की गई है। ज्ञात हो कि यह छात्रा समीपस्थ सांईखेडा निवासी सत्येन्द्र व श्रीमति भूमिका त्रिवेदी की पुत्री है। आर्या की सफलता पर शाला परिवार सहित शिक्षण संस्था के लोगों द्वारा बधाई देते हुये उज्जबल भविष्य की कामना की गई है।

### तनुश्री का सुयश



**गाडरवारा।** नगर के समाजसेवी मुकेश बसेडिया की पुत्री कुमारी तनुश्री बसेड़िया द्वारा हाल ही में घोषित हुये म.प्र. हाई स्कूल वोर्ड परीक्षा के परिणामों में 94.6 प्रतिशत अंक लेते हुये प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल की गई है। बताया जाता है कि यह छात्रा नगर की एक निजी शिक्षण संस्था में अध्ययनरत रहते हुये सभी विषयों में विशेष योग्यता के साथ सफलता हासिल करते हुये छात्रा ने अपने साथ साथ अपने माता पिता व नगर का नाम रोशन किये जाने पर ईष्ट मित्रों द्वारा उज्जबल भविष्य की कामना की गई है।

### गौरी जायसवाल ने किया नाम रोशन




**गाडरवारा।** म.प्र. माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा घोषित किये गये अपने कक्षा बारहवी वोर्ड परीक्षा के परिणामों में नगर की छात्रा कुमारी गौरी जायसवाल द्वारा कक्षा बारहवी के कॉमर्स संकाय की परीक्षा में 96.4 प्रतिशत अंक लेते हुये प्रथम श्रेणी में सफलता हासिल करते हुये अपनी शिक्षण संस्था के साथ साथ अपने माता पिता सहित नगर का नाम रोशन किया गया है। ज्ञात हो कि कुमारी गौरी जायसवाल नगर के सचिन/रजनी जायसवाल की पुत्री है। गौरी की सफलता पर कल्चुरी समाज सहित अन्य लोगों द्वारा उज्जबल भविष्य की कामना की जा रही है।

### फर्जी डिग्रीधारी डॉक्टर कर रहे लोगों की जान से खिलवाड़

**चीचली।** क्षेत्र मे इन दिनो फर्जी डिग्रीधारी, डॉक्टर अनपढ़ लोगो को दवाइयों के नाम पर लूट खसोट करने मे कोई कोर कसर बाकी नही रखते है? जबकि अंचल में पड़ोसी राज्यो के फर्जी डॉक्टरों द्वारा दवाई करने के नाम पर डिस्पेंसरी का संचालन किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां पड़ोसी राज्यों बंगाल, बिहार, कलकत्ता,उड़ीसा आदि राज्यों सें आकर लोग डॉक्टरी पेशे को कमाई का जरिया बनाये हुए है और जो लोगों को दवाइयां करने के नाम पर ठगने मे कोई कोताही नही बरतते है? इतना ही नही मर्ज कितना भी जटिल क्यो न हो ये डॉक्टर दवाई करने से नही चूकते है, मजेदार बात यह है कि ग्रामीण क्षेत्रों में इनसे दवाई करवाने क्षेत्र से अधिकांशतः अनपढ़ लोग आते है। जिसका फायदा ये चिकित्सक आराम से उठा रहे है,बकायदा अपने डिस्पेंशरी मे साइन बोर्ड लगाकर लोगों को अपनी ओर आकर्षित करते है, इतना ही नही वोर्ड मे कई देशी व विदेशी संस्थानों से डिग्री पास करने का उल्लेख करते है जबकि हकीकत कुछ और ही है,इनमे अधिकांशतः पांचवी पास भी नही है।

## खबर संक्षेप



### लाल सूरजमुखी प्रतीक होगा कुपोषण का और हरा सूरजमुखी सुपोषण का

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में रेवा प्रोजेक्ट के अंतर्गत जिले में एक नवाचार के रूप सूरजमुखी चिन्ह्यांकन की शुरूआत की जा रही है। जिसमें कुपोषित बच्चे के घर लाल सूरजमुखी बनाया जाएगा। जब बच्चा कुपोषण से बाहर आ जाएगा, तब हरा सूरजमुखी बनेगा यह प्रदर्शित करता है। घर में कुपोषित बच्चा है, जिससे अधिकारियों या कर्मचारी को घर की पहचान करने में समस्या नहीं होगी। माता-पिता को लाल रंग के सूरजमुखी के फूल जो गंभीर कुपोषण का प्रतीक है। हरे रंग का सूरजमुखी का फूल देखने की जिज्ञासा बन जायेगी, क्योंकि हर माता पिता अपने बच्चों को सुपोषित देखना चाहते है इसी तारतम्य में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता का स्लोगन है।

### कलेक्टर विकास मिश्रा ने जनपद कार्यालय करंजिया में ली बैठक



**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा ने जनपद कार्यालय करंजिया में जनपद स्तरीय अधिकारी और पटवारियों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में राजस्व के प्रचलित कार्यों पर चर्चा करते हुए लंबित कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। विकासखंड अधिकारियों के साथ बैठक लेकर जनपद स्तर पर प्रचलित कार्यों की जानकारी ली। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सभी लंबित कार्यों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

### प्रावीण्य सूची में आये विद्यार्थियों को दीदी कैफे किया जाएगा सम्मानित

**डिंडौरी।** कलेक्टर विकास मिश्रा के निर्देशन में हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी के परीक्षा परिणामों में जिले का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों को शनिवार 27 अप्रैल को दीदी कैफे में सम्मानित किया जाएगा। हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी की प्रावीण्य सूची में अपना स्थान सुनिश्चित करने वाले विद्यार्थियों को उनके माता पिता सहित सम्मानित किया जाएगा, इसके साथ ही 5वीं और 8वीं कक्षा में अच्छा परिणाम देने वाले स्कूलों के प्राचार्यों को भी सम्मानित किया जाएगा। कलेक्टर विकास मिश्रा ने परिणामों का मूल्यांकन और आगामी सत्र की रणनीति पर जिले के शिक्षा अधिकारीयों के साथ बैठक की। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा,कि परीक्षा परिणामों के बाद विषयवार नीति बनाते हुए,ऐसे कमजोर विषयों को चिन्हित करें जिसमें सफलता आशानुरूप नहीं मिल पाया है, जिसके बाद कार्ययोजना के आधार पर कार्य करें। कलेक्टर ने आगामी हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी सत्र के लिए नीति बनाये और उचित रूप से पुस्तकों का वितरण करें, और प्रति तिमाही में पुराने पेपरों के आधार पर बेहतर कार्ययोजना बनाकर कार्य करें।

### रपटा निर्माण में शिथिलता बरतने पर निविदाकार को जारी हुआ अंतिम नोटिस

**अनूपपुर।** जिला खनिज प्रतिष्ठान मद अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों में नौगवां से सोनियामार्ग पर जोहिला नदी में रपटा निर्माण कार्य के निविदाकार अनिल बिल्डकॉन (इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड) को लम्बे समय से कार्य की पूर्णता नही किए जाने पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री सुगन्ध प्रताप सिंह ने अंतिम नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि जवाब संतोषजनक न होने की स्थिति में फर्म को ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही हेतु वरिष्ठ कार्यालय को पत्र लेख किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 23 फरवरी को डीएमएफ अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में निर्माण कार्यों के निविदाकारों द्वारा कार्यों में शिथिलता बरतने पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त की थी।

## जिले में पर्यावरण मानदंडों के विपरीत संचालित हो रहे

# स्टोन क्रेशर, एनजीटी के समक्ष याचिका दायर

**अधिवक्ता सम्यक जैन, मनन अग्रवाल व धीरज तिवारी ने चेयरमैन के संज्ञान में लाया मामला**

जिले में पर्यावरण मानदंडों के उल्लंघन में स्टोन क्रशर के संचालन के खिलाफ एक याचिका एनजीटी की प्रधान पीठ संबोधित की गई है।





हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

जिसमें कहा गया है कि स्टोन क्रशर भारी प्रदूषण का कारण बनते जा रहे है और इस तरह के अवैज्ञानिक खनन से पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 3 युवा अधिवक्ता सम्यक जैन, मनन अग्रवाल और धीरज तिवारी ने पर्यावरण और आस-पास रहने वाले लोगों के जीवन को खतरे में डालने के लिए ट्रिब्यूनल से हस्तक्षेप की मांग की हैं।

एनजीटी में जो पत्र याचिका दायर की गई है, उसमें कहा गया है कि वायु प्रदूषण से पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले स्टोन क्रशरों के संचालन में गंभीर लापरवाही बर्ती जा रही है जिससे जिले में जल आपूर्ति की समस्या बढ़ रही है, साथ ही आरोप है कि धूल के चलते हवा और जलस्त्रोत दूषित हो रहे हैं। अवैध विस्फोटकों की मदद से किए जा रहे विस्फोट न केवल हवा और पानी की गुणवत्ता को नुकसान पहुंचा रहे हैं, साथ ही मानव जीवन के लिए भी खतरा पैदा कर रहे हैं।

गौरतलब है की जल, वायु और आगे प्रदूषण को रोकने के लिए अब तक उठाए गए कदम अपर्याप्त हैं। चूंकि पत्थर तोड़ने और उत्खनन गतिविधियों का मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण गुणवत्ता दोनों पर महत्वपूर्ण दुष्प्रभाव पड़ता है। पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के तहत वैधानिक सुरक्षा उपाय, जल (रोकथाम और नियंत्रण) प्रदूषण) अधिनियम, 1974 और वायु रोकथाम और प्रदूषण नियंत्रण अधिनियम, 1981 का वैधानिक नियामकों द्वारा पालन और निगरानी करने की आवश्यकता है।

### -पर्यावरण नियमों का उल्लंघन

स्टोन क्रशरों ने अपेक्षित प्रदूषण नियंत्रण उपकरण स्थापित नहीं किए हैं, न ही अपेक्षित हरित पट्टी बनाई है और न ही अन्य सुरक्षा उपाय अपनाए हैं। इसके परिणामस्वरूप जल स्तर कम हो रहा है, पानी की कमी हो रही है, कृषि उत्पादकता घट रही है।" ये प्रभाव धूल, ध्वनि और जल प्रदूषण के लिहाज से गंभीर हैं। स्थानीय याचिका में कहा गया है कि क्षेत्र में संचालित इन इकाइयों का प्रशासन पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव को कम करने का कोई प्रयास नहीं करता है।

अधिवक्ताओं का यह भी कहना है कि पर्यावरण नियमों के उल्लंघन की वजह से वन क्षेत्र में पौधों और जानवरों को भी नुकसान पहुंचा है। साथ ही इसकी वजह से मूल निवासियों की जीविका भी प्रभावित हुई है।

## आंधी के चलते बजाग और आसपास की बिजली आपूर्ति बाधित

# आधी तूफान के कहर में घरों के खप्पर उड़े, पेड़ टूटे





हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

तहसील मुख्यालय बजाग में विगत दिनों आए आंधी और तूफान के चलते ग्रामीणों और क्षेत्र वासियों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा है। क्षेत्र में अनेक स्थानों पर पेड़ टूटने से सड़क बाधित होने तथा घर के ऊपर पेड़ गिरने से घर टूटने की खबर प्रकाश में आ रही है। इतना ही नहीं अनेक घरों के परखच्चे उड़े है। इसके अलावा क्षेत्र में अनेक स्थानों पर बिजली की आपूर्ति विगत तीन दिनों से आखं मिचैली कर रही है। जानकारी अनुसार पिछले दो दिनों से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति बाधित होने के चलते क्षेत्र के मोबाइल यूजर्स, बोर का पानी उपयोग करने वाले तथा अनेक रोज मर्रा की जिंदगी में उपयोग होने वाली चीजें जिनमें बिजली की आवश्यकता है वे परेशान नजर आए। इसके अलावा इस तरह की आधी तूफान से बिजली विभाग की पोल खुलती नजर आईं, नो मेंटनेंस के सहारे चल रही बिजली विभाग की मनमानी के चलते छोटे से आंधी तूफान से बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है तो बरसात के दिनों में क्या हाल होगा। देखना यह है कि इस तरह की मनमानी के बाद भी बिजली विभाग इस तरह की घटनाओं में सबक लेता है या इस तरह की लापरवाही सरे राह देखी जाएगी।

### भालू के हमले से महुआ बीन रही महिला की मौत

**अनूपपुर।** जिले के कोतमा वन परिक्षेत्र अंतर्गत छिल्पा गांव के पटेराटोला में निवासी रामकली बैगा पति ननकू बैगा उम्र 38 वर्ष जो शुक्रवार की सुबह अपने पति ननकू बैगा पुत्री साधना बैगा एवं नाती पलक पिता अंकित बैगा के साथ गांव तथा घर के पास मुख्य मार्ग के किनारे स्थित को कोरकोटहाई जंगल में महुआ बीनते समय अचानक एक भालू ने रामकली पर हमला कर दिया जिससे रामकली के सिर में गंभीर चोट आई परिजनों एवं ग्रामीण की मदद से पीड़िता को उपचार हेतु 108 एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाया गया जहां परीक्षण के दौरान ड्यूटी डॉक्टर ने जिला अस्पताल पहुंचने के पूर्व महिला की मृत्यु होने की जानकारी जिला अस्पताल पुलिस चौकी को दी।

### कलेक्टर ने करंजिया के विभिन्न ग्रामों में पेयजल व्यवस्था, आपूर्ति, पेयजल स्त्रोत का निरीक्षण किया

डिंडौरी।

कलेक्टर ने सर्वप्रथम ग्राम परसेल में नलों के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जानकारी ली,और ग्राम के लगभग 225 घरों में पेयजल उपलब्धता का निरिक्षण किया कलेक्टर ने ग्रामवासियों से चर्चा करते हुए,पानी व्यर्थ ना बहाने एंव नल टोटी लगाये रहने के निर्देश दिये। कलेक्टर विकास मिश्रा ने ग्रामपंचायत जाडासुरंग में पेयजल व्यवस्था, आपूर्ति एवं पुलिस विभाग के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। और समय का सदुपयोग करते हुए प्रचलित कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। ग्राम खारीढीह में आवासों की स्थिति का निरीक्षण किया एवं पेयजल व्यवस्था, आपूर्ति का जायजा लिया, और निर्बाध पेयजल आपूर्ति के लिए आवश्यक निर्देश दिए कलेक्टर ने ग्राम चैरादादर में पेयजल व्यवस्था , अस्पताल एंव अन्य प्रचलित शासकीय कार्यों का जायजा लिया,साथ ही ग्राम चैरादादर में 1 मई को कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिए । कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एंव जनपद कंरजिया के अधिकारी एंव कर्मचारियों के साथ निरीक्षण किया और अधिकारियों को मुख्य रूप से ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने ग्राम किरंगी ,रामनगर एंव बरबसपुर में पेयजल आपूर्ति की स्थिति का आकलन कर, निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

# मेंटेनेंस के कारण 26 से 30 अप्रैल तक विद्युत आपूर्ति रहेगी अवरूद्ध

**कोतमा।** विद्युत विभाग अनूपपुर के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि उप संभाग कोतमा अंतर्गत सब स्टेशन कोतमा में आने वाले 33 केव्ही लाईन में अति आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाना है, जिसके कारण 33/11 केव्ही उपकेन्द्र कोतमा एवं बिजुरी से निकलने वाली समस्त 33 केव्ही व 11 केव्ही लाईनों का विद्युत प्रवाह अवरूद्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल को प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक 33/11 केव्ही उपकेन्द्र कोतमा, पसान, परासी के अंतर्गत आने वाले शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां तथा 33 केव्ही लाइन अंतर्गत आने वाले समस्त क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा। 27 अप्रैल को प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक 33/11 केव्ही उपकेन्द्र आमाडांड़ व एसईसीएल जमुना कोतमा के सभी एच.टी. उपभोक्ताओं के यहां व आवासीय कालोनी जमुना, भालूमाड़ा, गोविंदा क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां तथा 33/11 केव्ही उपकेन्द्र बिजुरी शहरी, ग्रामीण व एसईसीएल के सभी एच.टी. उपभोक्ताओं के यहां व बिजुरी आवासीय कालोनी के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा। 28 अप्रैल को प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक 33/11 केव्ही उपकेन्द्र निगवानी के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां तथा 33/11 केव्ही राजनगर फीडर अंतर्गत आने वाले रेलवे, एसईसीएल के सभी एच.टी. उपभोक्ताओं व राजनगर एसईसीएल आवासीय कालोनी क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा। 29 अप्रैल को प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक आवासीय कालोनी जमुना, भालूमाड़ा, गोविंदा क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां तथा 33/11 केव्ही उपकेन्द्र कटमटोला के अंतर्गत आने वाले कोतमा शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा। 30 अप्रैल को प्रातः 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक आवासीय कालोनी जमुना, भालूमाड़ा, गोविंदा क्षेत्र के सभी विद्युत उपभोक्ताओं के यहां विद्युत आपूर्ति बंद रहेगा।

# कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संपन्न हुई डीएलसीसी की बैठक

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।



कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में डीएलसीसी बैठक ली। उक्त बैठक में उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष के होने वाले वित्तीय गतिविधियां एवं उनकी रूप रेखा, विभिन्न शासकीय कार्यों के क्रियान्वन हेतु तैयारी, रोजगार मूलक कार्य हेतु नई संमात्यता, कृषि एवं संबंधित क्षेत्र में रोजगार की संमात्यता, सूक्ष्म एवं लघु उद्योग क्षेत्र के रोजगार की संमात्यता, वित्तीय शिक्षा एवं जागरूकता से संबंधित कार्य निति, प्रत्येक पंचायत में बैंकिग सुविधाओं की उपलब्धता, शिकायत एवं उनका त्वरित निष्पादन, सीएम हेल्पलाईन एवं अन्य विषय पर चर्चा करते हुए सभी बैंकर्स और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। बैठक संयुक्त कलेक्टर सुश्री भारती मेरावी, एलडीएम श्री रविशंकर सहित अन्य अधिकारी एवं बैंकर्स मौजूद थे।

### कुपोषित बच्चों के सुधार के लिए दिए आवश्यक निर्देश

कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने स्वास्थ्य अधिकारियों की समीक्षा बैठक में कुपोषण के प्रति प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा की महिला बाल विकास विभाग कुपोषित बच्चों की पहचान कर उनके घरों के सामने सूरजमुखी के फूल का चित्र अंकित करेगा, जिसके केंद्र में लाल रंग होगा। बच्चों की पहचान होने पर आसानी से स्वास्थ्य विभाग दूरस्थ क्षेत्रों तक जाकर बच्चों में कुपोषण को दूर करेगा। बच्चों को पोषित होने पर सूरजमुखी का केंद्र लाल से पीला कर दिया जाएगा। इससे बच्चों के कुपोषण को कम करने में स्वेच्छा से आमजन भी मदद कर पायंगे और बच्चों का स्वास्थ्य स्तर बढ़ सकेगा।

# कलेक्टर ने विद्यार्थियों को नीट परीक्षा की तैयारी के बारे में जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कलेक्टर विकास मिश्रा ने आज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय करंजिया में जिले में संचालित नीट की परीक्षा की तैयारी के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा जिले में संचालित निःशुल्क नीट क्लास के बारे में बताया। साथ ही नीट अभ्यर्थियों से उनकी तैयारी के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर विकास मिश्रा ने बताया कि मेडिकल कॉलेज में प्रवेश के लिए नीट परीक्षा का आयोजन 5 मई 2024 को किया जायगा। जिसमें डिंडोरी जिले के अभ्यर्थी भाग लेंगे। परीक्षा में सफलता के लिए जिला प्रशासन छात्रों को नीट की तैयारी हेतु कोचिंग प्रदान कर रही है। कलेक्टर विकास मिश्रा ने अभ्यर्थियों को परीक्षा में सफल होने के मूलमंत्र देते हुए कहा कि परीक्षा का तनाव मुक्त रहकर आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दें। उन्होंने सभी नीट अभ्यर्थियों को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी।

### कांउसलिंग के संबंध में ली बैठक

कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने हाईस्कूल व हायर सेकेंडरी की परीक्षा सम्मिलित विद्यार्थियों के लिए कैरियर कांउसलिंग के संबंध में उद्योग विभाग,पॉलिटेकनिक कॉलेज,और अन्य कॉलेजों के अधिकारियों के साथ बैठक ली। कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने कहा कि 10वीं व 12वीं के बाद बच्चों के समक्ष यह चुनौतियों होती है। कि वे किस क्षेत्र में अपना भविष्य बनाए,सही जानकारी के अभाव में कई बार विद्यार्थी पथभ्रमित हो जाते हैं। कॉलेज में पढने वाले विद्यार्थियों के सामने भी कमीवेश यही स्थिति होती है। इसलिए विद्यार्थियों को उनकी रूची के अनुसार सही दिशा में कैरियर बनाने के लिए सही समय पर सही मार्गदर्शन जरूरी है। कलेक्टर श्री विकास मिश्रा ने विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन देने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित करते हुए कहा कि युवाओं के लिए कैरियर कांउसलिंग केन्द्रों को चलाया जाए, जियमें विद्यार्थियों को उनकी रूची के अनुसार कार्यक्षेत्र चुनने में मदद मिल सके। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि मानव संसाधन को कुशल मानव पूंजी के रूप में निर्मित करने के लिए प्रत्येक क्षेत्र के विशेषज्ञों की मदद से बच्चों को सही मार्गदर्शन दिया जाए। इस कार्य में स्वैच्छिक संगठन भी अपना सहयोग दे सकते है। कलेक्टर सर ने युवा अधिकारियों को भी इस कार्य में शामिल करने के लिए निर्देश दिए,जिससे कैरियर कांउसलिंग के लिए वर्तमान मांग को समझने में आसानी हो।

# स्वीकृत निर्माण कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समय सीमा में कराएं- कलेक्टर


**पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**



**अनूपपुर।** कलेक्टर आशीष वशिष्ठ ने निर्देश दिए है कि जिले में स्वीकृत निर्माण कार्य समय सीमा में गुणवत्तायुक्त कराए जिससे समय पर नागरिकों को निर्माण कार्यों का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के कार्य एवं योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। मनरेगा फंड सहित अन्य योजनाओं की राशि का सदुपयोग करते हुए लोगों की जिन्दगी को आसान बनाने का कार्य किया जाए। सड़कों की गुणवत्ता के लिए निरंतर निगरानी रखी जाए। इसके लिए सजग और सक्रिय रहें। कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ आज कलेक्ट्रेट कार्यालय के नर्मदा सभागार में आयोजित पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे। कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करने में गम्भीरता बरतें, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें। प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा योजना, अमृत सरोवर निर्माण, प्रधानमंत्री जन-मन योजना के अंतर्गत स्वीकृत आवास, खेत तालाब, लघु तालाब, सुदूर संपर्क सड़क निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने अमले से जानकारी ली। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति के हितग्राहियों को लाभान्वित करना हमारी प्राथमिकता है, इसलिए इनके लिए स्वीकृत किए गए आवासों के निर्माण को गम्भीरता से लें। कलेक्टर ने राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत लक्ष्य के विरूद्ध सृजित मानव दिवस, आधारित भुगतान की समीक्षा, समयबद्ध मजदूरी भुगतान, सौ दिवस के रोजगार प्राप्त करने वाले परिवार सहित अन्य कार्य के संबंध में जानकारी प्राप्त की। बैठक में कलेक्टर द्वारा कहा गया कि स्वीकृत हुए कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निगरानी रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने खेत तालाब योजना के तहत निमार्णाधीन कार्यों को जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।


## खबर संक्षेप

### दूर्वा तिवारी का सुयश



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** मोहद निवासी शिक्षक रामबल्लभ तिवारी के अनुज पं.कृष्णबल्लभ तिवारी की सुपुत्री और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला करेली की छात्रा दूर्वा तिवारी ने कक्षा दसवीं की परीक्षा सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त करते हुए 95 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की है। दूर्वा की इस सफलता पर विद्यालय परिवार व स्वजनों ने शुभकामनायें दी हैं।

### रश्मि का सुयश



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा जारी किये गये परीक्षा परिक्षा परिणाम मे नगर के सीएम राइज विद्यालय में अध्ययनरत छात्रा रश्मि बैरागी ने कक्षा 12वीं में 94. 4 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय में प्रथम स्थान अर्जित किया है। आपकी सफलता पर परजिनों व शुभचिंतकों ने शुभकामनायें प्रेषित की है ।

### शत प्रतिशत रहा पांचवी व आठवी का परीक्षा परिणाम

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** सरस्वती विद्यालय आठवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 95.5 तथा पांचवीं बोर्ड 92.5 प्रतिशत रहा___ सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर का पांचवी एवं आठवीं बोर्ड का उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम रहा पांचवीं बोर्ड परीक्षा में 92.5% विद्यार्थियों ने सफलता अर्जित की ए प्लस तथा ए ग्रेड में 23 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए संवेदना चौकसे 90% प्रथम गौरी मेहरा 87.5 द्वितीय शुभ गुप्ता 87.2% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया आठवीं बोर्ड परीक्षा परिणाम 95.5% रहा ए प्लस तथा ए ग्रेड में 39 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए अनुष्का परमार 91.5 प्रतिशत प्रथम अनमोल प्रजापति 91.3% द्वितीय अनन्या चौरसिया 91% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय प्रबंध समिति, माता-पिता, संस्था प्राचार्य राकेश कुमार स्थापक प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर बोर्ड परीक्षा प्रभारी ईश्वर दास बैरागी श्रीमती संगीता नामदेव एवं आचार्य परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की ।

### गर्मी में स्वस्थ्य रहें विषय पर परिचर्चा सम्मान समारोह व काव्यगोष्ठी

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** गर्मी में निरोग स्वस्थ्य कैसें रहें इस विषय को लेकर वरिष्ठ जन परिषद नरसिंहपुर की की ओर से राम जानकी मंदिर धनारे कालोनी नरसिंहपुर में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने अपने अपने सुविचार रखे। मां की वंदना हनुमान चालीसा पाठ से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। ओ. पी. स्वामी,आर के नेमा, यू.एस उपाध्याय,सी पी मिश्रा,एम एल हरदेनिया अशोक वर्मा व बी एस पटेल ने धूप से बचाव हेतु कारगर सुझाव दिये।जी के चतुर्वेदी ,प्रेमशंकर राघव, डी डी गोस्वामी मदन श्रीवास्तव सहित डा.महेश त्रिपाठी ने आहार विहार निद्रा सहित व्यवस्थित दिनचर्या अपनाकर स्वस्थ्य रहने का मंत्र दिया। एस के चतुर्वेदी,सी.बी शर्मा,हरिश्चंद्र साहू,विजय शर्मा अशोक सोनी सर ने पशु पक्षियों को पानी पिलाने की बात करते हुये जल संरक्षण पर बल दिया। कविवर अशोक त्रिपाठी ने गर्मी में तरोताजा जल भोजन लेने की सलाह देते हुए लू से बचने की हिदायत दी। पेड़ पौधे की देख देख सहित योगा ध्यान और सत्कर्म पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम के दूसरे दौर में सम्मान समारोह व काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। हमेशा हंसमुख विंदास रहने वाले वरिष्ठ सदस्य हरिश्चंद्र साहू का परिषद द्वारा शाल श्रीफल से स्वागत सम्मान और नागरिक अभिनंदन किया गया।

### परिजनों ने किया हंगामा , लगाये आरोप

# जिम्मेदारों की लापरवाही से गई मां और बच्चे की जान

गत दिवस प्रसव के दौरान मां एंव बच्चे की मौत हो जाने से परिजनों ने आपा खो दिया और हंगामा करना प्रारंभ कर दिया । परिजनों ने प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी कर्मचारियों पर आरोप लगाते हुये प्रशासन के दावो की पोल खोल दी वही सीएमएचओं ने जांच के आदेश दिये है। परजिनों द्वारा जिम्मेदारों पर कार्रवाई की मांग की गई । बताया जा रहा है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण परिजनों को मां और बच्चे दोनो से हाथ धोना पड़ा ?



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** सरकार द्वारा जच्चा व बच्चा को सुरक्षित रखने के लिये अनेको प्रयास किये जा रहे है लाखो रूपये भी योजनाये बनाकर खर्च की जा रही है लेकिन प्रशासन मे बैठे जिम्मेदार लोगो द्वारा लापरवाही कर अपनी लचर कार्य प्रणाली को दर्शाया जाता है जिसका खामियाजा परिजनों को भोगना पड़ता है । ऐसा ही मामला जिले के गोटेगांव से सामने आया जिसमे मां और बेटे दोनो की मौत हो गई । वही मुख्य चिकित्साल एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा जांच के आदेश दिये गये है ।

#### प्रसूति के लिये भर्ती हुई थी महिला

मिली जानकारी के अनुसार महिला को प्रसूति के लिये भर्ती कराया गया था जिसके दौरान प्रसव के पूर्व ही बच्चे की मौत हो गई । उसके उपरांत डाक्टरों द्वारा जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया जहां पर उपचार के पूर्व ही महिला की मौत हो गई । डाक्टर द्वार बताया गया कि गोटेगांव में प्रसूति के दौरान पहले तो बच्चे की मौत हो गई, वही मां की हालत खराब होने पर उसे जिला अस्पताल में भिजवाया, लेकिन इससे पहले की इलाज हो पाता, महिला ने दम तोड़ दिया। मामला गोटेगांव स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का है। मां और बच्चे की मृत्यु की खबर सुनकर परिजनों का गुस्सा सातवें आसमान पर आ गया और उन्होने चिकित्सकों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए, जमकर हंगामा किया।

#### पुलिस ने शांत कराया मामला

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सकों ने हंगामे की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची गोटेगांव थाना पुलिस ने परिजनों को समझाईश देते हुए मामला शांत कराया। जानकारी के अनुसार श्रीधाम के ग्राम शहजपुरा से भारती मेहरा पति राजेंद्र मेहरा को डिलीवरी के लिए गोटेगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था, स्वजन के अनुसार बच्चे ने प्रसूता के पेट में ही दम तोड़ दिया था। इसके बाद प्रसूता का खून अधिक मात्रा में बह रहा था, इसके बाद स्टाफ ने भारती को नरसिंहपुर जिला स्तर रेफर किया। जिससे प्रसूता ने भी दम तोड़ दिया।




#### देर से हुई एम्बुलेंस की व्यवस्था

परिजनों के अनुसार बच्चे और मां की मृत्यु के पीछे कारण चिकित्सकों की लापरवाही है। वे बताते है, कि जब वे अपनी गर्भवती महिला को लेकर अस्पताल में पहुंचे तो मौके पर कोई भी चिकित्सक मौजूद नहीं था, प्रसूता दर्द से तड़पती रही, लेकिन स्वास्थ्य कर्मियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। काफी देर बाद जब चिकित्सक पहुंचे, तो डिलेवरी की गई, लेकिन चिकित्सकों ने बताया, कि बच्चे की मौत पहले ही हो गई थी, वही प्रसूता की हालत अत्यधिक खराब होने लगी और रक्तस्त्राव काफी हो रहा था, चिकित्सकों ने महिला को जिला अस्पताल रेफर कर दिया, लेकिन एम्बुलेंस काफी समय के बाद मिली और जब वे प्रसूता को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने जांच उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया।

#### सीएमएचओ ने दिए जांच के आदेश

सीएमएचओ डा. राकेश बोहरे से जब पूरे मामले को लेकर चर्चा की गई, तो उन्होने जानकारी देते हुए बताया, कि उनके पास अभी तक किसी ने भी शिकायत नहीं की है। लेकिन एक ऐसा मामला सामने जरूर उनके संज्ञान में आया है, जिसमें पांच सदस्यीय टीम बनाई गई है, टीम द्वारा की गई जांच उपरांत अगर लापरवाही चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही पाई जाती है तो सभी पर कार्रवाई की जाएगी।

#### इनका कहना है

मामला संज्ञान में आया है, मामले की जांच की जा रही है, जो भी दोषी पाया जाएगा, उस पर कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध उच्च अधिकारियों को भी अवगत करा दिया है।

**एस एस धुर्वे सीबीएमओ गोटेगांव**

स्टाफ की लापरवाही के चलते मेरी पत्नी एवं बच्चे की मौत हुई है एंबुलेंस को सूचना देने के बाद भी करीब 1 घंटे बाद गाड़ी पहुंची, साथ ही नरसिंहपुर पहुंचने में गाड़ी ने ढाई से 3 घंटे लगाएं स्टाफ पर कार्रवाई होनी चाहिए।

**राजेंद्र मेहरा , मृतिका का पति**

## कलेक्टर ने मतदान सामग्री वितरण की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने आज कृषि उपज मंडी परिसर नरसिंहपुर पहुंचकर मतदान सामग्री वितरण की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने निरीक्षण में सभी नोडल अधिकारियों और एआरओ को मतदान सामग्री वितरण के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुये कहा कि मतदान सामग्री का वितरण व वापसी के समय मतदान दल को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## कलेक्टर एवं एसपी ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के तहत होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र नरसिंहपुर, तेदूखेड़ा व गाडरवारा में शुक्रवार 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले व पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। कलेक्टर एवं एसपी ने ग्राम नांदनेर, बारहबड़ा, चीचली, खुरसीपार, सालीचौका में बनाये गये मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। यहाँ उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि मतदान केंद्र पर अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता हो।मतदान का प्रतिशत बेहतर हो। वही मतदान दलों के पीठासीन अधिकारियों को चुनाव आयोग के निर्देशानुसार अपने- अपने मतदान केन्द्र में वास्तविक मतदान प्रारंभ करने के डेढ़ घंटे पहले मॉक पोल कराकर वास्तविक मतदान प्रारंभ कराने के निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से मतदान केन्द्र की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया एवं सुरक्षा के आवश्यक निर्देश दिये। मतदान केन्द्रों में की गई तैयारियों एवं मतदान दलों के रूकने, भोजन के सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मतदान केन्द्र में पेयजल, साफ- सफाई, टेंट, व्हील चेयर, मेडिकल किट, रैम्प, शौचालय आदि व्यवस्थाओं को देखा और आवश्यक निर्देश दिये।

## उत्कृष्ट रहा सरस्वती स्कूल का परीक्षा परिणाम

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** सरस्वती विद्यालय का हायर सेकेंडरी गणित संकाय परिणाम शत प्रतिशत___ सरस्वती शिशु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर का हायर सेकेंडरी गणित संकाय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा तथा जीव विज्ञान संकाय परीक्षा परिणाम 82.2 प्रतिशत रहा गणित संकाय में पलक चौरसिया 79.4 प्रथम चेतन चौधरी 70.4 द्वितीय दीपक साहू तृतीय जीव विज्ञान संकाय में रोशनी गोस्वामी हिमांशी मेहरा 78.6% प्रथम अंजलि लोधी 70.6 प्रतिशत द्वितीय दिव्या प्रजापति 70.4 % तृतीय वाणिज्य संकाय में देवी सिंह 64.2 प्रतिशत प्रथम शिवा पटेल 59.4 द्वितीय अनमोल सोनी तृतीय कला संकाय में मेनका साहू 75.2 प्रतिशत प्रथम हसीम खान 67% द्वितीय शुभि साहू 60% तृतीय गृह विज्ञान में पूर्वी जाट ने 61.6% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में जितेंद्र पवार 85.2 प्रतिशत प्रथम सृष्टि श्रीवास्तव 83.4% द्वितीय अंश दुबे ने 77.8% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय प्रबंध समिति, माता-पिता, संस्था प्राचार्य राकेश कुमार स्थापक प्रभारी प्रधानाचार्य तुलसीराम पाराशर बोर्ड परीक्षा प्रभारी नरेंद्र सिंह राजपूत श्रीमती पुष्पलता बाजपेई एवं आचार्य परिवार ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पहाड़ों पर पैदल चलकर पहुंचा मतदान दल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** रास्ते कितने भी कठिन हों... लेकिन हम आप तक हर हाल में पहुंचेंगे। ऐसा ही वाकया गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बड़ागांव में मतदान दलों के चुनौती बनकर सामने आया है। इस चुनौती को मतदान दल स्वीकार कर मतदान दल निर्भिक रूप से मतदान सम्पन्न कराकर लौटेगा। लोकसभा निर्वाचन- 2024 दौरान होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र नरसिंहपुर, तेंदूखेड़ा व गाडरवारा के 710 मतदान केंद्रों पर मतदान होना है। अधिकांश मतदान केंद्रों पर तो आसानी से पहुँचा जा सका किंतु कुछ ऐसे भी मतदान केंद्र हैं, जहां जाना अपने आप में चुनौतीपूर्ण है। एक ऐसा ही मतदान केंद्र गाडरवारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 121- गाडरवारा के अंतर्गत आने वाले बूथ क्रमांक 226 बड़ागांव का है। यह गांव सतपुड़ा की पहाड़ी पर स्थित है। बड़ागांव पहुँचने का मार्ग काफी दुर्गम है। इस गांव में जाने के लिए लगभग 9 किलोमीटर ऊबड़ खाबड़ रास्तों से होते हुए पैदल चलकर जाना पड़ता है। बड़ागांव के पीठासीन अधिकारी डम्मल सिंह पटैल बताते हैं कि यह गांव काफी दुर्गम स्थान पर है, जहां कोई वाहन नहीं जा सकते। यहाँ कुल 696 मतदाता है जिसमे 356 पुरुष एवं 340 महिला मतदाता है। ऐसे स्थान पर खच्चर एवं घोड़ों की मदद से मतदान सामग्री लेकर मतदान केन्द्र तक पहुंचे। मतदान अधिकारी बताते हैं कि बड़ागांव के मतदान केन्द्र में मतदान दलों को रहने, खाने व अन्य सुविधायें जिला प्रशासन द्वारा मुहैया कराई गई थी। लोकतंत्र के इस महापर्व मतदान का हिस्सा बनने का सौभाग्य मिला है। मतदान दल ने आदिवासियों को अधिक से अधिक मतदान करने का आग्रह किया।

## खजांची विद्यालय बोर्ड परीक्षा परिणामों में अव्वल

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** करेली-माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड भोपाल द्वारा जारी कक्षा दसवी एवं बारहवी के परीक्षा परिणाम में अपना उत्कृष्ट प्रदर्षन करते हुये खजांची रामकली बाई आदर्श इंग्लिश हा.से.स्कूल ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन पूर्व वर्ष की भांति ही जारी रखा है । कक्षा दसवी में विद्यालय की छात्रा प्रज्ञा पटैल ने 487 अंक दर्ज कर 97.6ः अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में 8वॉ स्थान प्राप्त किया वही कक्षा 12वी में 108 छात्र-छात्राओं में सभी ने प्रथम श्रेणी के अंक प्राप्त कर शत प्रतिशत परीक्षा प्राप्त किया कक्षा दसवी में कुल 112 छात्र-छात्राओं में 96 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में सफलता दर्ज की है तथा 15 छात्र-छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की है 01 छात्र को पूरक की पात्रता प्राप्त हुयी । वही 23.04.2024 को कक्षा 8वी एवं 5वी के परीक्षा परिणाम में कक्षा आठवी में राधिका नेमा 96 प्रतिशत अक दर्ज कर प्रथम स्वर्णिका रघुवंशी 95.83 अंक दर्ज कर द्वितीय तथा वेदिका राजपूत ने 95 प्रतिशत अंक दर्ज कर तृतीय स्थान प्राप्त किया है वही कक्षा 5वी में आर्या कौरव 94 प्रतिशत अंक दर्ज कर प्रथम तथा अरसद कुरैशाी तथा स्वाति विश्वकर्मा 91 प्रतिशत अंक दर्ज कर द्वितीय स्थान पर रहे तथा अभय राजपूत तथा शिवांश कौरव ने 89 प्रतिशत अंक दर्ज करके तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय प्राचार्य हरजीत सिंह छाबडा ने श्रेष्ठ परीक्षा परिणाम का श्रेय विद्यालय के समस्त शिक्षक परिवार को दिया है तथा छात्रा प्रज्ञा पटैल सहित सभी सफल छात्र-छात्राओं को अपनी शुभ कामनाये व बधाई प्रेषित की है। इस अवसर पर आदर्श शिक्षण समिति अध्यक्ष कमलेश सोनी ,सचिव संजीव खजांची वरिष्ठ उपाध्यक्ष मधुसूदन पालीवाल, पी.सी.जैन, राजीव खजांची, अमितेन्द्र नारोलिया ,अनिल पालीवाल, प्रमोद तिवारी, सुधीर खजांची , किरीट सॉवला, अमित छेड़ा , मनीष राय , रविन्दर पाल लांबा रिम्पी भैया हेमंत तिहैया इत्यादि सभी समिति सदस्यो ने विद्यालय प्राचार्य एवं विषय शिक्षकों को बधाई देते हुये छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है ।



## रक्षा, अनुष्का, युसुफ, रानी, दिव्या रहीं अव्वल



रक्षा दुबे | अनुष्का पटेल | युसुफ अली | रानी रजक | दिव्या पटेल

**हरिभूमि न्यूज - करेली।** राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 8वीं बोर्ड परीक्षा में एनजेएम स्कूल बसखेडा करेली का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा सभी विद्यार्थी ए प्लस एवं ए ग्रेड में उत्तीर्ण हुए। रक्षा दुबे ने 600 में से 565 अंक अजित कर 94.16 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनुष्का पटेल ने 93.66 प्रतिशत अंक द्वितीय स्थान, युसुफ अली 93.33 प्रतिशत अंक तृतीय स्थान, रानी रजक 92.05 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान, दिव्या पटेल 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पंचम स्थान प्राप्त किया। आदर्श पटेल व पीयूष 90 प्रतिशत जितेन्द्र जाटव ने 89.5 प्रतिशत समीर सरिया 87.5 प्रतिशत हमजा 87 प्रतिशत दीपिका विश्वकर्मा 87 प्रतिशत लता सराठे 85.5 प्रतिशत, आकांक्षा ठाकुर 85.3 प्रतिशत सृष्टि प्रधान 83.8 ललित पटेल ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट सफलता हासिल की। बच्चो की सफलता में विषय शिक्षक प्रीति दुबे, रोहित तिवारी, राजश्री स्वामी, रचना चौकसे, आरती वर्मा के अध्यापन का विशेष योगदान रहा। विद्याथीर्यों की उपलब्धि पर नवजागृति मंडल अध्यक्ष नारायण श्रीवास्तव, सचिव प्रमोद गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुरेश नेमा, एनजेएम समिति अध्यक्ष हरिदास नेमा, सचिव जगदीश मिश्रा, पराग नेमा, मुन्नालाल नामदेव एनजेएम प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता, अजय अग्रवाल, रामजी पटेल आदि ने बधाईयां दी है।

## आज मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा मतदान



#### सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध



**तेंदूखेड़ा-** नर्मदापुरम नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र मे आज सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान किया जायेगा। सुबह 5:30 बजे मॉक पोल होगा। लगभग समस्त मतदान केंद्रों पर पीठासीन अधिकारियों के साथ मतदान दल पंहुच गये है। तथा प्रत्येक मतदान केंद्र पर सुरक्षा के व्यापक स्तर पर प्रबंध किये गये है। इस संसदीय क्षेत्र मे कुल 12 प्रत्याशी मैदान में हैं। जिनका भाग्य आज ई व्ही एम मे कैद हो जायेगा। यहां मुख्य रूप से तेंदूखेड़ा गाडरवारा नरसिंहपुर उदयपुरा पिपरिया सोहागपुर नर्मदापुरम एवं सिवनी मालवा सहित आठ विधानसभा क्षेत्रों के 18500075 मतदाता 2224 मतदान केंद्रों के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 955910 पुरुष एवं 894112महिलाये तथा 53 अन्य मतदाता भी शामिल है। संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत नरसिंहपुर जिले के 710 मतदान केंद्रों पर 45 पिंक बूथ बनाये गये है। तथा 184 क्रिटीकल मतदान केंद्र बनाये गये है। सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं के लिए छाया तथा पेयजल की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही सभी केन्द्रों में रैम्प, व्हीलचेयर, बिजली, पेयजल, शौचालय सहित मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। तीनों विधानसभा मे कुल 710 मतदान केन्द्र और 2 सहायक मतदान केन्द्र हैं। इसके अंतर्गत विधानसभा नरसिंहपुर के 258 मतदान केन्द्रों में रिजर्व सहित 309 ईव्हीएम व 335 व्हीव्हीपैट, तेंदूखेड़ा के 222 मतदान केन्द्रों में 266 ईव्हीएम व 288 व्हीव्हीपैट और गाडरवारा के 230 मतदान केन्द्रों में 276 ईव्हीएम व 299 व्हीव्हीपैट मशीनों का उपयोग मतदान के लिए किया जायेगा। जिले के 6 लाख 39 हजार 875 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।